Outlet Cut on Expressway

68. Ch. AFTAB AHMED (Nuh):

Will the Deputy Chief Minister be pleased to state:

a) The reasons for not providing the outlet cut on Kheda-Khallipur-Mandkola KMP junction and Faridabad Expressway junction for the people of Nuh and Palwal on Delhi Mumbai Green Expressway even after prescribed plan and Government assurance; and

b) The reasons for not constructing outlet cut even after Government assurance on the Maroda-Khanpur Ghati-Nagina on the said expressway togetherwith the details thereof?

DUSHYANT CHAUTALA, DEPUTY CHIEF MINISTER, HARYANA

---

a) Intersection of Delhi-Mumbai Greenfield Expressway with KMP Expressway and DND-Faridabad-Ballabhgarh-KMP link is under jurisdiction of National Highways Authority of India (NHAI). NHAI has rejected the proposal of providing the outlet cut because it is not feasible due to complexity of interchange which is designed for providing connectivity of three nos. of expressways along with Way Side Amenities. However, a proposal for feasibility for construction of interchange of Mandkola-Silani road and KMP Expressway is under consideration.

b) NHAI has also rejected the proposal of providing the outlet cut for Maroda-Khanpur Ghati-Nagina road on the said expressway as it was not considered feasible.

एक्सप्रैस्वे पर आउटलैट कट

68. चौ॰ आफताब अहमद (नूंह):

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे -

क) दिल्ली मुम्बई ग्रीन एक्सप्रैस्वे पर नूंह तथा पलवल के लोगों के लिए निर्धारित योजना तथा सरकारी आश्वासन के पश्चात भी खेड़ा-खलीलपुर-मंडकोला के.एम.पी जंक्शन तथा फरीदाबाद एक्सप्रैस्वे जंक्शन पर आउटलैट कट उपलब्ध न कराए जाने के कारण क्या हैं; तथा

ख) **उक्त** एक्सप्रैस्वे पर मरोडा - खानपुर घाटी - नगीना पर सरकार द्वारा दिए गए आश्वासन के बावजूद आउटलैट कट निर्मित न किए जाने के कारण क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है?

दुष्यंत चौटाला, माननीय उप मुख्यमंत्री, हरियाणा

क) के.एम.पी. एक्सप्रैस्वे और डी.एन.डी.-फरीदाबाद-बल्लभगढ़-के.एम.पी. लिंक के साथ दिल्ली-मुंबई ग्रीनफील्ड एक्सप्रैस्वे का इंटरसेक्शन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन.एच.ए.आई) के अधिकार क्षेत्र में आता है। एन.एच.ए.आई ने आउटलैट कट प्रदान करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है क्योंकि यह इंटरचेंज की जटिलता के कारण संभव नहीं है, जिसे तीन एक्सप्रैस्वे के साथ-साथ वे साइड सुविधाओं की कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। हालांकि, मंडकोला-सिलानी रोड और के.एम.पी. एक्सप्रैस्वे के इंटरचेंज के निर्माण की व्यवहार्यता का प्रस्ताव विचाराधीन है।

ख) एन.एच.ए.आई ने **उक्त** एक्सप्रैस्वे पर मरोडा - खानपुर घाटी - नगीना सड़क के लिए आउटलैट कट प्रदान करने के प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया है क्योंकि इसे व्यवहार्य नहीं माना गया था।